शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गैस कनेक्शन

*505. श्री रामजी लाल : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में, प्रत्येक नागरिक को रसोई गैस उपलब्ध नहीं कराई जाती है यदि हां तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या गांव और शहरों को गैस कनेक्शन 50:50 के अनुपात में आबंटित किय गये हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या आठवीं योजना के अन्त तक सभी नागरिकों को उनका पंजीकरण कार्ड देखकर रसोई गैस उपलब्ध करा दी जायेगी और यदि नहीं, तो सरकार ऐसा कब तक कर सकेगी ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (घ) वर्तमान समय में उत्पाद की कमी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों द्वारा नई एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटरशिपें 20,000 और इससे अधिक जनसंख्या वाले केवल शहरी क्षेत्रों में चरणबद्ध पद्धति में व्यवहार्यता के अधीन खोली जाती हैं । सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों के डिस्ट्रीब्यूटर अपने विपणन क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं का पंजीयन करते हैं । केवल संसद् सदस्यों की सिफारिशों के अनुसार पर ग्रामीण क्षेत्रों में और उन पर्वतीय क्षेत्रों व शहरी क्षेत्रों के समीप ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्शन जारी किए जाते हैं, जिनमें अव्यवहार्य डिस्ट्रीब्यूटरशिपों का कार्यक्षेत्र बढ़ा दिया जाता है, ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके । वर्तमान समय में उत्पाद की कमी के कारण गांवों में एल.पी.जी. डिस्ट्रीब्यूटरशिपें खोलना सम्भव नहीं हैं । तथापि सरकार ने समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल करने के लिए तेल कम्पनियों को निर्देश दिए हैं ताकि 20,000 के लगभग या इससे कम जनसंख्या वाले कस्बों में नई एल०पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिपों की व्यवहार्यता को स्थापित किया जा सके । सरकार ने बाजार निर्धारित मूल्यों पर निजी कम्पनियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के सहित उनकी पसन्द के किसी भी बाजार में एल.पी.जी. के समानान्तर विपणन और एल.पी.जी. की बिक्री की भी अनुमति दे दी है ।

सरकारी तेल कम्पनियां वर्ष 2001–02 तक अपने सभी प्रतीक्षारत आवेदकों को एल.पी.जी. कनेक्शन उपलब्ध करा पाएंगी

Launching of co-ordinated "Operation Search"

*506. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state;

(a) whether Government have decided to launch a coordinated "Operation Search" of smuggling, hawala and underworld activities; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN), (a) and (b) The State Governments of Gujarat, Maharashtra, Goa and Rajasthan have been requested to launch a well coordinated 'Operation Search' to trace out the destination of smuggled goods and hawala monies as well as to unearth other under-world dealings. 'Operation Search' would seek to strike at the root of the problerr i.e. recipients of funds/materials and various other persons/agencies connected with under-world activities.